आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 09.03.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में 1 सौ 11 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कहा– ये सभी योजनाएँ क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देंगी।
- केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम ने केंद्रीय बजट 2025–26 को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए समर्पित बताया।
- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा।
- कुमाऊं मंडल में खड़ी व बैठकी होली की धूम।

लोकार्पण / शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर के काशीपुर में 1 सौ 11 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी योजनाएँ काशीपुर की आधारभूत जरूरतों को सशक्त बनाने के साथ ही शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देंगी। काशीपुर की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए श्री धामी ने कहा कि सरकार विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से शहर के विकास को सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार केदारखंड के साथ ही मानसखंड के मंदिरों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। काशीपुर के मंदिरों को भी सरकार मानसखंड कॉरिडोर का हिस्सा बना रही है।

भाजपा– प्रेस वार्ता ऑन बजट

केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्रीय बजट 2025–26 आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को समर्पित है। आज देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परिवर्तनकारी बजट गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता देता है।

उन्होंने कहा कि यह बजट जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए बजटीय आवंटन में पर्याप्त वृद्धि के साथ देश भर के आदिवासी समुदायों के लिए समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए समग्र बजट आवंटन 2024–25 में 10 हजार 237 करोड़ 33 लाख रुपये से बढ़कर 2025–26 में 14 हजार 925 करोड़ 81 लाख रुपये हो गया है, जो 45 दशमलव सात नौ प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि है।

राष्ट्रीय अधिवेशन

हरिद्वार में आयोजित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स– इंडिया का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन देशभर के 22 राज्यों से आए पत्रकारों की भागीदारी के साथ संपन्न हुआ, जिसमें पत्रकारिता जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने इसे पत्रकारों का महाकुंभ बताया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से देशभर में सकारात्मक संदेश जाएगा और पत्रकारिता जगत को नई दिशा मिलेगी। श्री जोशी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज में इसकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पत्रकारों की सहायता के लिए बनाए गए कार्पस फंड को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया है, ताकि अधिक से अधिक पत्रकार व उनके परिवार लाभान्वित हो सकें।

संसद

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा और ये 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होंगी और वर्ष 2024–25 के लिये अनुदान मांगों और विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी और मतदान होगा।

बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक हुआ था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने पहली फरवरी को केन्द्रीय बजट पेश किया था।

नशा मुक्त अभियान

सरकार ने एनडीपीएस एक्ट–1985 के तहत नशा उन्मूलन के लिए केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर गतिविधियों का एकीकरण कर दिया गया है। इससे जिला स्तर पर नशा उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियानों को और बल मिलेगा। इसी क्रम में रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने जिले में नशे के दुरुपयोग के साथ ही अफीम, खस–खस और पोस्त आदि की अवैध खेती को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और तस्करों की धरपकड़ के लिए निगरानी और नियंत्रण के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती के मामले न के बराबर हैं।

खड़ी और बैठकी होली

कुमाऊं मंडल में खड़ी और बैठकी होली की धूम है। उत्तराखंड की सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा इन दिनों महिला होल्यारों की खड़ी होली के रंग से सराबोर है। चंपावत जिले समेत कुमाऊं के अधिकांश इलाकों में आज रंग एकादशी के साथ ही चिर बन्धन कर खड़ी होली का गायन शुरू हो गया है। कुमाऊं मंडल के गांव और बाजार भी खड़ी होली के जश्न में डूब हुए हैं। इस मौके पर चंपावत जिले के तल्ली मादली, सुई, फोर्ति, बिशुंग, गोशनी, बाराकोट और अन्य स्थानों पर होली प्रांगणों में पूजा–अर्चना के साथ चीर बांधी गई और गणेश बंधन के साथ खड़ी होली गाई गई, जिसका समापन टीके की होली की पूजा के साथ होगा। होल्यार राजेश चौबे ने बताया कि खड़ी होली, बड़ी होली के रूप में जानी जाती है, जिसमें अपने पारंपरिक होली गीतों का गायन किया जाता है।

वसंतोत्सव

देहरादून के राजभवन में आयोजित तीन दिवसीय वसंतोत्सव का आज समापन हो गया है। पुष्प प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों और पुष्प प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। पुष्प प्रदर्शनी में लोक कला, स्थानीय उत्पाद, पारंपरिक परिधान और हस्तशिल्प के स्टॉल पर्यटकों और स्थानीय लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न स्टॉलों से स्थानीय उत्पाद खरीदे और उत्तराखंडी संस्कृति और स्थानीय उत्पादों का आनंद लिया।